कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 06.02.2024

/प्रेस विज्ञप्ति/

गर्ल्स कॉलेज में

विश्व कैंसर दिवस जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय दुर्ग यूथ रेडक्रॉस द्वारा विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रभारी डॉ0 रेशमा लाकेश ने बताया कि इस दिन दुनिया भर के अंतर्राष्ट्रीय एवं स्थानीय संगठनों के लोग कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने और बेहतर जांच, निदान उपकरण, शीघ्र निदान और उन्नत उपचार विकल्पों की आवश्यकता के लिए एकजुट होते हैं। उन्होंने कहा कि अगर इस बीमारी से जुड़ी सभी आवश्यक जानकारियां होने पर इस रोग की रोकथाम करने में काफी मदद मिल सकती है।

गृहविज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ0 अमिता सहगल ने इस वर्ष की थीम **''क्लोज द केयर गैप''** की विस्तृत जानकारी दी। डॉ0 सुनीता राव ने तम्बाकू का उपयोग, अस्वस्थ्यकर भोजन, आदतें, शारीरिक व्यायाम की कमी और वायु प्रदूषण के सम्पर्क में रहने को कैंसर के जोखिम कारक बताया। डॉ0 अल्का दुग्गल ने महिलाओं में पाए जाने वाले दो मुख्य कैंसर सरवाईकल एवं ब्रेस्ट कैंसर का विस्तृत विवरण दिया। डॉ0 मीनाक्षी अग्रवाल ने आहारीय संबंधी जानकारी दी। डॉ0 तोषिना तैलंग ने कैंसर के लक्षणों के बारे में बताया। कु0 सबीना ने इस गंभीर रोग के बचाव के बारे में बताया एवं कार्यक्रम का संचालन कु0 तबस्सुम अली ने किया।

टीप– समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल)
प्रभारी प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

Govt. Dr. W.W. Patankar Girls' PG
College, Durg (C.G.)
RED CROSS
2:38 PM